मौलाना मज़हरूल हक़ अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय, पटना
مولانا مظہرالحق عربی و فارسی یونیورسیٹی، پٹنہ
Maulana Mazharul Haque Arabic & Persian University, Patna

Ref.............................. Date..............................

अधिसूचना

मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय, पटना के कार्यालय आदेश संख्या F-1034/17,RE-97/18 दिनांक 10.03.2018 के क्रम में यह अधिसूचित किया जाता कि NCTE द्वारा दो वर्षीय बी0एड0 पाठ्यक्रम के लिए मान्यता प्राप्त National B.Ed. College of Higher Education, Murgiachak, Mohammadpur, Janipur, Patna को इस विश्वविद्यालय की अभिषद (Syndicate) की बैठक दिनांक 09.12.2017 में लिए गए निर्णय तथा अधिषद् (Senate) की बैठक दिनांक 14.02.2018 में अनुमोदित प्रस्ताव के आलोक में उक्त संस्थान को सत्र 2018–20 से बी0एड0 पाठ्यक्रम के संचालन हेतु इस विश्वविद्यालय द्वारा संबद्धन प्रदान किया गया है। उक्त संस्थान ने निर्धारित संबद्धन शुल्क तथा वांछित सूचनायें निर्धारित अवधि के अन्दर विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा करा दिया है तथा वर्तमान सत्र से इस संस्थान को संयुक्त प्रवेश परीक्षा के आधार पर बी0एड0 पाठ्यक्रम मे नामांकन की अनुमति प्रदान की गयी है।

विश्वविद्यालय द्वारा यह संबद्धन NCTE से मान्यता जारी रहने तक दी गयी है। संस्थान के लिए इस विश्वविद्यालय के नामांकन अध्यादेश एवं परीक्षा विनियम का पूर्णतः पालन करना अनिवार्य होगा। समय–समय पर विश्वविद्यालय द्वारा उक्त बी0एड0 महाविद्यालय में शैक्षणिक सुविधायें एवं आधारभूत संरचना की समीक्षा की जायेगी तथा NCTE एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित शर्तों में कमी पाये जाने पर संबद्धन वापस लेने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
(कर्नल कामेश कुमार)
कुलसचिव

ज्ञापांकः F-1034/17, RE-593/18 पटना, दिनांकः 03.11.2018

प्रतिलिपिः–(1) सचिव/प्राचार्य National B.Ed. College of Higher Education, Murgiachak, Mohammadpur, Janipur, Patna को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(2) कुलपति कार्यालय / प्रति कुलपति कार्यालय / परीक्षा नियंत्रक / सहायक कुलसचिव (सामान्य शाखा) मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

03.11.18
कुलसचिव

National B.Ed College of Higher Education, Patna
Principal

Scanned by CamScanner